APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

32 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 26, जुलाई 2026

## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

नई तकनीकों को अपनाना, विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार करना और मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है। इस अंक में भी ऐसी कई पहलें शामिल हैं, जो इसी सोच को आगे बढ़ाती हैं। रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सेंटर की शुरुआत, जटिल सर्जरी में मिली सफलताएँ, नई चिकित्सा सुविधाएँ, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम यह दिखाते हैं कि हमारी सभी यूनिट्स लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए कार्य कर रही हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हमारी टीम केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि नई तकनीकों को अपनाने, लगातार सीखने और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए हर दिन प्रयास कर रही है।

यही सोच हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।आप सभी की मेहनत, समर्पण और सेवा-भाव ही एपेक्स हॉस्पिटल्स की सबसे बड़ी ताकत है। आइए, इसी विश्वास के साथ आगे भी हर मरीज तक गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास जारी रखें।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी. झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

Emergency Preparedness

## मोबाइल ECMO सेवा का शुभारंभ: बेहतर क्रिटिकल केयर की दिशा में कदम



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर ने गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्नत जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल ईसीएमओ (ECMO) सेवा की शुरुआत की। यह सेवा उन मरीजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिन्हें हृदय या फेफड़ों की गंभीर समस्या के कारण तुरंत जीवनरक्षक सहायता की आवश्यकता होती है। मोबाइल ECMO की मदद से मरीज को रेफर करने वाले अस्पताल में ही आवश्यक उपचार देकर सुरक्षित रूप से एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर तक लाया जा सकेगा। इस अत्याधुनिक यूनिट में पोर्टेबल ECMO मशीन, वेंटिलेटर, मल्टीपैरामीटर मॉनिटर, इन्फ्यूजन पंप और आवश्यक आपातकालीन उपकरण उपलब्ध हैं। मरीज के स्थानांतरण के दौरान ECMO विशेषज्ञ, परफ्यूज़निस्ट, क्रिटिकल केयर चिकित्सक, प्रशिक्षित नर्स और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की समर्पित टीम हर पल मरीज की निगरानी और देखभाल करेगी। इस पहल के साथ राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों के गंभीर मरीजों तक समय पर बेहतर क्रिटिकल केयर सेवाएं पहुंचाना और उन्हें सुरक्षित रूप से अस्पताल तक लाना अब और अधिक प्रभावी हो सकेगा। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

Innovation

## रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सेवा की शुरुआत



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में क्षेत्र की पहली ऑर्थोपेडिक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सेवा का शुभारंभ हुआ। इस नई सुविधा के साथ अब मरीजों को रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) और पार्शियल नी रिप्लेसमेंट (पीकेआर) जैसी उन्नत सर्जरी की सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी। प्रारंभिक चरण में इस तकनीक का उपयोग घुटने की सर्जरी में किया जाएगा, जबकि भविष्य में इस तकनीक का उपयोग अन्य ऑर्थोपेडिक सर्जरी में भी करने की योजना है। रोबोटिक तकनीक सर्जरी के दौरान सर्जन को अधिक सटीकता के साथ कार्य करने में सहायता प्रदान करती है। इससे इम्प्लांट को बेहतर स्थिति में लगाने, स्वस्थ हड्डियों एवं आसपास के टिश्यू को सुरक्षित रखने तथा सर्जरी के बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही मरीज को कम दर्द, अपेक्षाकृत तेज रिकवरी और बेहतर तरीके से चलने-फिरने में मदद मिल सकती है। इस पहल के साथ सवाई माधोपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह सुविधा क्षेत्र में आधुनिक ऑर्थोपेडिक उपचार को बढ़ावा देगी और मरीजों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएगी।

**8 हॉस्पिटल्स** | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+जीवन स्पर्श किए**

New Joining

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. सौरभ शर्मा (विशेषज्ञ- प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी) का स्वागत किया गया। डॉ. सौरभ शर्मा को प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, बर्न केयर, हैंड सर्जरी, ट्रॉमा रिकंस्ट्रक्शन तथा कॉस्मेटिक सर्जरी में विशेषज्ञता प्राप्त है।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. अमित जैन (विशेषज्ञ- पल्मोनोलॉजी एवं स्लीप मेडिसिन) का स्वागत किया गया। डॉ. अमित जैन को पल्मोनोलॉजी एवं स्लीप मेडिसिन के क्षेत्र में 13 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा फेफड़ों और श्वसन संबंधी बीमारियों के उपचार में विशेषज्ञता प्राप्त है।



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में डॉ. नवीन सैनी (विशेषज्ञ- इंटरनल मेडिसिन) का स्वागत किया गया। डॉ. सैनी को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, श्वसन रोग, संक्रामक रोग, आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों के उपचार में विशेषज्ञता प्राप्त है।

Excellence

## एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी में नई उपलब्धि




एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर ने एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में 23 वर्षीय महिला मरीज की एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें गर्दन पर बड़ा चीरा लगाए बिना एंडोस्कोप की मदद से सर्जरी की जाती है। इससे मरीज को कम दर्द होता है, रक्तस्राव कम होता है, रिकवरी जल्दी होती है और गर्दन पर बड़े निशान भी नहीं पड़ते। राजस्थान में अब तक इस तकनीक से केवल चार एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी सर्जरियाँ की गई हैं। गर्व की बात है कि ये चारों सर्जरियां एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में ही सफलतापूर्वक की गई हैं। यह उपलब्धि अस्पताल की आधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टरों और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का प्रमाण है।

Recognition

## डॉ. एस. बी. झंवर का शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मान



एपेक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. एस. बी. झंवर को शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्मानित किया गया। पिछले दो वर्षों से उनके सहयोग से विद्यालय में कई विकास कार्य किए गए हैं। इनमें नए शौचालय और बाथरूम का निर्माण, बड़े हॉल का नवीनीकरण, विद्यालय भवन की मरम्मत तथा डिजिटल कक्षाओं की स्थापना शामिल है। विद्यालय की मेधावी छात्राओं को प्रतिवर्ष ₹50,000 की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। विद्यालय परिवार ने डॉ. झंवर के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और कहा कि उनके सहयोग से विद्यालय में सकारात्मक बदलाव आए हैं।

Surgical Excellence

## सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित घाना के मरीज की सफल डबल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में वरिष्ठ रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. आशीष राणा ने घाना (अफ्रीका) से आए सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित एक मरीज की जटिल डबल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की। मरीज दोनों कूल्हों में ग्रेड-4 एवास्कुलर नेक्रोसिस से पीड़ित था। एक्सचेंज ब्लड ट्रांसफ्यूजन की विशेष तैयारी के बाद चरणबद्ध सर्जरी की गई, जिसमें हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. आशीष वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपचार के बाद मरीज दर्दमुक्त है और सहारे से चलने लगा है। यह सफलता जटिल मामलों के उपचार में एपेक्स हॉस्पिटल्स की विशेषज्ञता और अंतरराष्ट्रीय मरीजों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

Cardiac Care

## आईसीडी इम्प्लांट से हृदय रोग उपचार में नई पहल



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. श्रवण सिंह के नेतृत्व में पहली सफल आईसीडी (इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर) इम्प्लांट सर्जरी की गई। 79 वर्षीय गंभीर हृदय रोगी को आईसीडी डिवाइस लगाया गया, जो हृदय की धड़कनों पर लगातार निगरानी रखकर जरूरत पड़ने पर उन्हें सामान्य करने में मदद करता है। यह उपलब्धि बीकानेर में उन्नत कार्डियक केयर सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करती है।

Quality Care

## मा योजना के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू




एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में मा योजना (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना) के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू हुई। जीआईसी (51 टीपीए) के तहत सूचीबद्ध इस अस्पताल में अब पात्र लाभार्थी सुपर-स्पेशलिटी उपचार का लाभ कैशलेस आधार पर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।

Critical Care

## 12 दिन वेंटिलेटर पर रहे मरीज को मिला नया जीवन




एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में हृदय और किडनी फेल्योर से जूझ रहे एक गंभीर मरीज का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। डॉ. धीरज कुमार (इंटरनल मेडिसिन) एवं डॉ. मोहित कुमार मंगल (क्रिटिकल केयर) के नेतृत्व में 12 दिनों तक आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर मरीज का उपचार किया गया। आधुनिक क्रिटिकल केयर और विशेषज्ञों की देखरेख से मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा सका। यह सफलता समय पर उपचार, आधुनिक आईसीयू सुविधाओं और प्रभावी क्रिटिकल केयर सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Celebrating Healers

## सभी यूनिट्स में डॉक्टर्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया

नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल्स की सभी यूनिट्स में डॉक्टरों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मरीजों की सेवा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में उनके समर्पण, विशेषज्ञता और योगदान को सराहा गया। अस्पताल प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराया। यह अवसर डॉक्टरों के अथक प्रयासों और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के सम्मान का प्रतीक बना।



Health for All

## जुलाई सेहत उत्सव 2026' का आयोजन

एपेक्स हॉस्पिटल्स की सभी यूनिट्स में 'जुलाई सेहत उत्सव 2026' का आयोजन किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य अभियान के तहत लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न जांचों और विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने तथा समय रहते बीमारियों की पहचान कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विशेषज्ञों की सलाह और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।






Precision Care

## एकमात्र किडनी वाली महिला की सफल रोबोटिक सर्जरी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के डॉ. सौरभ जैन (एडिशनल डायरेक्टर – यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट) और उनकी टीम ने एकमात्र किडनी वाली महिला मरीज की सफल रोबोटिक सर्जरी कर किडनी को सुरक्षित बचाया। मरीज की पेशाब की नली (यूरेटर)में पहले हुई पथरी की सर्जरी के कारण रुकावट आ गई थी। इससे मरीज़ की एकमात्र किडनी में सूजन आ गई थी और उसे लगातार पीठ में तेज दर्द की शिकायत थी। करीब दो घंटे तक चली इस रोबोटिक सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। आधुनिक रोबोटिक तकनीक और विशेषज्ञों की देखरेख में उपचार के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

Advanced Care

## जटिल यूरोलॉजी सर्जरी में मिली बड़ी सफलता



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में डॉ. भानु कौशिक और टीम ने एक जटिल यूरोलॉजी सर्जरी सफलतापूर्वक की। मरीज मेगा यूरेटर विद पायोनेफ्रोसिस नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित था, जिसमें यूरेटर (मूत्र की नली) असामान्य रूप से फैल जाती है और संक्रमण के कारण किडनी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। मरीज का इलाज अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक से किया गया। इस प्रक्रिया में किडनी और यूरेटर को दूरबीन विधि से सुरक्षित रूप से निकाला गया। इस तकनीक की मदद से सर्जरी बिना बड़े चीरे के की गई, जिससे मरीज को कम दर्द हुआ, रक्तस्राव कम हुआ और रिकवरी भी जल्दी हुई। समय पर जांच, विशेषज्ञों के उपचार और नियमित देखरेख से मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रहा है। यह सफलता जटिल यूरोलॉजी सर्जरी में एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर की विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक आधारित उपचार का एक और उदाहरण है।

Personalized Care

## एपेक्स हेल्थ कार्ड और वीआईपी लाउंज का शुभारंभ



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में क्लस्टर हेड श्री ऋतुराज द्वारा एपेक्स हेल्थ कार्ड और वीआईपी लाउंज का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को अधिक व्यक्तिगत और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। हेल्थ कार्ड के माध्यम से मरीजों को विशेष सुविधाओं का लाभ मिलेगा, वहीं वीआईपी लाउंज मरीजों और उनके परिजनों को अधिक आरामदायक एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराएगा।

Core Values

## सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में सुरक्षा कर्मी कृष्णा जी ने इमरजेंसी प्रवेश द्वार के पास मिला ₹7,500 नकद और आधार कार्ड सुरक्षित रखकर सत्यापन के बाद संबंधित परिजन को वापस सौंप दिया। उनके इस सराहनीय कार्य ने ईमानदारी, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

Community Health

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू एवं महावीर इंटरनेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 57 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया और विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए

Health Engagement

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर द्वारा एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच और बीमारियों की समय पर पहचान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

Global Exposure

## डॉ. संदीप गर्ग ने सिंगापुर में लिया उन्नत रोबोटिक प्रशिक्षण



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के वरिष्ठ हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संदीप गर्ग ने सिंगापुर में आयोजित रोबोटिक ऑर्थोपेडिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। पूरे भारत से चयनित 20 ऑर्थोपेडिक सर्जनों में वे जयपुर से शामिल होने वाले एकमात्र सर्जन रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में Smith+Nephew के सहयोग से रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट की नवीनतम तकनीकों पर लाइव सर्जरी और विशेषज्ञों के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए। इस प्रशिक्षण से प्राप्त नई तकनीकों का लाभ भविष्य में मरीजों के उपचार में मिलेगा।

Community Health


## कम्युनिटी कनेक्ट पहल के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर ने 'कम्युनिटी कनेक्ट' पहल के तहत अल्ट्रा-II रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी और कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) पर हस्ताक्षर किए। इसी पहल के अंतर्गत अभिगुंज परिवार रेजिडेंशियल सोसायटी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य उपकरण वितरित किए गए तथा डॉक्टर परामर्श, एम्बुलेंस सेवा सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

Innovation


## श्रीगंगानगर के पहले रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सेंटर की शुरुआत



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में शहर के पहले रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सेंटर की शुरुआत की गई। यहां रोबोटिक गेट ट्रेनिंग, वर्चुअल रियलिटी आधारित थेरेपी, बैलेंस ट्रेनिंग और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को उन्नत पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह सुविधा स्ट्रोक, स्पाइनल इंजरी, न्यूरोलॉजिकल और ऑर्थोपेडिक मरीजों की रिकवरी को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगी।

Patient First

## ईएसआईसी लाभार्थियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू हुई



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के लाभार्थियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू हुई। इस पहल से बीकानेर और आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत हजारों बीमित श्रमिकों एवं उनके परिजनों के लिए सुपर-स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं अधिक सुलभ हुईं। ईएसआईसी लाभार्थियों को भर्ती से लेकर उपचार और डिस्चार्ज तक की पूरी प्रक्रिया कैशलेस आधार पर उपलब्ध कराई गई। अस्पताल की अनुभवी चिकित्सकों की टीम, अत्याधुनिक उपकरणों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से गंभीर एवं जटिल बीमारियों का इलाज भी बीकानेर में ही उपलब्ध हुआ। इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को सुपर-स्पेशलिटी उपचार के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उनके समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी।

Emergency Response

## आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत




एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर द्वारा शहरवासियों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता तेजी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा के लिए यूनिक हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की गई। यह नंबर स्थानीय पिनकोड से जुड़ा है, इससे आसपास के क्षेत्रों और विभिन्न आवासीय सोसायटियों के लोग आवश्यकता पड़ने पर आसानी से एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में कम समय में मरीजों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाना और समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। यह पहल उदयपुर में बेहतर और सुलभ इमरजेंसी हेल्थकेयर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## Employee Corner

मेरा एपेक्स हॉस्पिटल्स के साथ सफर वर्ष 2017 में नर्सिंग स्टाफ के सदस्य के रूप में शुरू हुआ। इस दौरान मुझे मरीजों की देखभाल और अस्पताल की सेवाओं को करीब से समझने और सीखने का अवसर मिला। वर्ष 2018 में मुझे एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में ओटी मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई। तब से मैं ऑपरेशन थिएटर के सुचारू संचालन, मरीजों की सुरक्षा और सर्जिकल टीम के बेहतर समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा हूँ। बीते वर्षों में नई तकनीकों को अपनाने, प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और टीम के साथ मिलकर काम करने का अनुभव मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है। मुझे गर्व है कि मैं एपेक्स परिवार का हिस्सा हूँ। आगे भी मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहूँगा।



पवन सैनी
नर्सिंग स्टाफ़
एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए